>

Title: Need to provide safe drinking water in Yavatmal-Washim Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्रीमती भावना पाटील गवली (यवतमाल-वाशिम): देश के अलग-अलग जगहों से दूषित पानी की खबरें लगातार मिल रही हैं। इनमें मुख्यतः एक मेरा संसदीय क्षेत्र यवतमाल भी है। यहां पर अनेक तहसीलों के हजारों जलस्रोतों में दूषित पानी जो फ्लोराइडयुक्त है, लोग पीने को मजबूर है। इसकी खबर जिला प्रशासन को दी गई थी लेकिन प्रशासन ने कोई उपयुक्त कदम नहीं उठाया। यवतमाल में लगभग 3 लाख से भी ज्यादा लोग इस आर्सेनिक और फ्लोराइडयुक्त दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं तथा यवतमाल जिले के अंतर्गत आने वाली तहसीलों मारेगांव, वणी, झरी, केलापुर, घाटंची, दारव्हा, नेर, रालेगांव, उमरखेड़ आदि तहसीलों में 70 प्रतिशत जलस्रोत फ्लोराइडयुक्त है। फ्लोराइडयुक्त पानी पीने से भविष्य में यहां के लोगों को अनेक तरह के विकारों का सामना करना पड़ सकता है। पानी की शुद्धता के नाम पर प्रशासन के पास कोई ठोस उपाय नहीं है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसमें केन्द्र सरकार तुंत हस्तक्षेप करें और ठोस रणनीति बनाकर यवतमाल में लोगों को शुद्ध पानी देने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।